प्रेस नोट जनपद बलिया

दिनांक 02.04.2026

थाना सहतवार व बांसडीह जनपद बलिया पुलिस टीम द्वारा पुलिस मुठभेड़ में दो बदमाशों के पैर में गोली तथा 05 अन्य तार चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के कुल 07 चोर गिरफ्तार।

***पुलिस अधीक्षक बलिया श्री ओमवीर सिंह* के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सहतवार व बांसडीह पुलिस की संयुक्त टीम को मिली सफलता।**

घटना का विवरण:- थाना सहतवार व बांसडीह जनपद बलिया पुलिस टीम द्वारा बिजली के तार चोरी से संबन्धित 07 नफर अभियुक्त को पुलिस मुठभेड़ में किया गया गिरफ्तार।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद बलिया श्री ओमवीर सिंह के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे हैं अभियान के क्रम में थाना सहतवार व बांसडीह जनपद बलिया पुलिस टीम को मिली सफलता।*

उल्लेखनीय है कि आज दिनांक 02.04.2026 को समय 1.10 बजे थाना सहतवार व कोतवाली बांसडीह पुलिस के द्वारा ग्राम अकबरपुर चेकिंग की जा रही थी कि दो चार पहिया वाहन समर्थपार की तरफ से आती दिखाई दिए जिन्हें रुकने का इशारा किया गया दोनों गाड़ियां पीछे जाने लगी तो उनकी घेराबंदी की गई तो पुलिस से घिरता देख बदमाशों के द्वारा गाड़ी से उतरकर पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया पुलिस पार्टी द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्रवाई में बदमाश *1 .टिंकू कुमार शाह पुत्र जय प्रकाश शाह निवासी दुधैला थाना सहतवार जनपद बलिया उम्र करीब 37 वर्ष के दाहिने पैर में, 2 .शमीम अंसारी उर्फ सोनू पुत्र जैनुद्दीन अंसारी निवासी उमरगंज बहेरी थाना कोतवाली जनपद बलिया उम्र 36 वर्ष* के दाहिने पैर में गोली लगी पूछताछ के दौरान ज्ञात हुआ कि घायल बदमाश टिंकू शाह व शमीम अंसारी व उनके साथियों के द्वारा दिनांक 26/27 मार्च 2026 की रात्रि ग्राम दुधैला व 30/31मार्च 2026 की रात ग्राम अकबरपुर में अपने साथियों के साथ मिलकर बिजली के तार व ट्रांसफार्मर के सामान की चोरी की गई थी। पकड़े गए बदमाश टिंकू शाह के कब्जे से एक अदद तमंचा .315 बोर एक खोखा कारतूस .315 बोर एक जिंदा कारतूस .315 बोर और शमीम अंसारी के कब्जे से एक तमंचा .315 बोर एक जिंदा कारतूस .315 बोर एक खोखा कारतूस .315 बोर तथा चोरी का तार तथा तार काटने का पिलास , आरी व रबर का ग्लैप्स बरामद हुआ है। पकड़ी गई गाड़ी पिकअप वाहन से चोरी हुआ तार व यस क्रास गाड़ी से तार काटने के उपकरण बरामद हुआ है पांच अन्य साथी *क्रमशः 3.अरविन्द यादव पुत्र मोतीचंद्र नि रसूलपुर कन्धावरा थाना नोनहरा

जनपद गाजीपुर 4.मन्नू कुमार साह पुत्र श्रीप्रकाश नि समरथ थाना हल्दी बलिया 5. रोहन कुमार पाण्डेय पुत्र स्व लल्लन नि समरथ पार थाना हल्दी बलिया 6.फिरोज खान पुत्र अकबर खान नि उमरगंज थाना कोतवाली बलिया 7.अभिषेक उर्फ अंशु गौड पुत्र श्यामबिहारी निवासी सरांक थाना बांसडीह रोड बलिया* भी मौके से गिरफ्तार किए गए है सभी के पास से एक ,एक अदद चाकू नाजायज बरामद हुआ। पूछताछ में सभी ने बताया कि दिनांक 26 मार्च 2026 की रात दुधैला तथा दिनांक 30 मार्च 2026 की रात अकबरपुर से बिजली के तार को खंभों से काट कर छिपाए थे आज फिरोज खान को लेके आए थे उसे दिखा कर उसके बताए स्थान पर ले जा रहे थे। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 77/2026 धारा 3(5), 109(1) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट व 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर मा0 न्यायालय भेजा जा रहा है।

पंजीकृत अभियोग-
1. मु0अ0सं0 77/2026 धारा 3(5), 109(1) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट व 4/25 आर्म्स एक्ट थाना सहतवार जनपद बलिया।

सम्बन्धित अभियोग-
1.मु0अ0सं0 75/2026 धारा 303(2),317(2) बीएनएस थाना सहतवार जनपद बलिया।

गिरफ्तार अभियुक्तगण:

1. टिंकू कुमार साह पुत्र जयप्रकाश साह, निवासी दुधैला, सहतवार जनपद बलिया) - घायल
2. समीम अंसारी उर्फ सोनू पुत्र जैनुद्दीन अंसारी, निवासी उमरगंज, जनपद बलिया) - घायल
3. अरविन्द यादव निवासी जनपद गाजीपुर
4. मन्नू कुमार साहु निवासी समरथपार, हल्दी जनपद बलिया)
5. रोहन कुमार पाण्डेय निवासी समरथपार, हल्दी जनपद बलिया)
6. अभिषेक कुमार गोड़ उर्फ अंशु निवासी बांसडीह रोड जनपद बलिया)
7. फिरोज खान निवासी उमरगंज जनपद बलिया)

बरामदगी का विवरण:

1. अवैध असलहे: 02 अदद देशी तमंचा .315 बोर, 02 खोखा कारतूस, 02 जिन्दा कारतूस।
2. अन्य हथियार: 05 अदद अवैध चाकू।

3. चोरी का माल: 09 बण्डल चोरी का तार (वजन लगभग 332.940 किग्रा, जिसमें 11KV, 33KV एल्युमीनियम व कॉपर तार शामिल हैं)।
4. वाहन: 01 अदद एस-क्रॉस कार (UP 60 AC 0212) व 01 अदद पिकअप (UP 60 AT 1286)।
5. उपकरण: लोहा काटने की आरी, कटर, रबर के दस्ताने व मोबाइल फोन।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार सिंह थाना बांसडीह कोतवाली, बलिया।
2. थानाध्यक्ष श्री अनिल कुमार सिंह थाना सहतवार जनपद बलिया
3. उ0नि0 सुनील कुमार सिंह थाना सहतवार जनपद बलिया
4. उ0नि0 समरेन्द्र कुमार कुमार मिश्र थाना सहतवार जनपद बलिया
5. उ0नि0 नितेश कुमार गुप्ता थाना सहतवार जनपद बलिया
6. मु0आ0 हरिन्द्र पटेल थाना सहतवार जनपद बलिया
7. मु0आ0 धनन्जय कुमार थाना सहतवार जनपद बलिया
8. मु0आ0 संतोष कुमार यादव थाना सहतवार जनपद बलिया
9. का0 बृजेश यादव थाना सहतवार जनपद बलिया
10. का0 बादल थाना सहतवार जनपद बलिया
11. का0 आशीष मौर्या थाना सहतवार बलिया
12. का0 राजू भारद्वाज थाना सहतवार जनपद बलिया
13. का0 अजय कुमार मौर्या थाना बांसडीह कोतवाली जनपद बलिया
14. का0 अखिलेश पटेल थाना बांसडीह कोतवाली जनपद बलिया।

सोशल मीडिया सेल
बलिया पुलिस।

POLICE